NEWS CLIPPING: 20.04.2020

NAVBHARAT TIMES

यूनिवर्सिटी ने दी ₹2 लाख की वित्तीय सहायता

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने सेवा भारती की हरियाणा प्रदेश इकाई को 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। सेवा भारती हरियाणा प्रदेश इकाई फरीदाबाद जिला प्रशासन के साथ मिलकर गरीब व जरूरतमंद परिवारों तक सूखे राशन के पैकेट वितरित करवाने में सहयोग दे रही है। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने रविवार को 2 लाख रुपये का चेक सेवा भारती के पदाधिकारी कृष्ण सिंघल को सौंपा। दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोनो के खिलाफ लड़ाई केवल सभी के एकजुट प्रयासों से ही जीती जा सकती है। कुलसचिव डॉ एसके गर्ग ने बताया कि यूनिवर्सिटी के कर्मचारी पहले भी हरियाणा कोरोना रिलीफ फंड में भी अपने 10 प्रतिशत वेतन अंशदान करके 25 लाख रुपये का योगदान दे चुके हैं।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 20.04.2020

DAINIK JAGRAN

सेवा भारती को दो लाख का चेक

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : कोरोनो महामारी से प्रभावित लोगों की मदद लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय सेवा भारती की हरियाणा प्रदेश इकाई को दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। सेवा भारती जिला प्रशासन के साथ मिलकर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तक सूखे राशन के पैकेट वितरित करवाने में सहयोग दे रही है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता राशि का योगदान विश्वविद्यालय के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों द्वारा किया गया है।

कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने दो लाख रुपये का चैक सेवा भारती के लिए आरएसएस के क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख कृष्ण सिंघल को सौंपा। सेवा भारती समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए काम करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) है। कोरोना वायरस के प्रकोप से लड़ने में मदद के लिए स्वैच्छिक योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोनो वायरस के खिलाफ लड़ाई केवल सभी के एकजुट प्रयासों से ही जीती जा सकती है।